प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

18.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

प्रधानमंत्री–स्वामित्व योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वामित्व योजना के अंतर्गत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। यह देश के गांवों के सशक्तिकरण और सुशासन यात्रा में महत्वपूर्ण कदम होगा। संपत्ति कार्ड दस राज्यों और दो केन्द्रशासित प्रदेशों के पचास हजार से अधिक गांवों में वितरित किए जायेंगे। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी के क्षेत्रों में संपत्ति मालिकों को रिकॉर्ड का अधिकार प्रदान करके ग्रामीण भारत में आर्थिक बदलाव को बढ़ावा देना है।

मन की बात

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू इन दिनों कांगड़ा जिले के प्रवास हैं। प्रवास के दूसरे दिन आज मुख्यमंत्री ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में करोड़ो रूपये की विभिन्न

विकास परियोजनाओं का उदघाटन व शिलान्यास करेंगे। इनमें नगरोटा सूरियां के बस्सा में वन्यजीव सूचना केंद्र का उद्घाटन शामिल है।

विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे कांगड़ा जिला संवददाता––––

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं और ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। राज्य के निचले जिलों हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन व सिरमौर जिलों के कुछ क्षेत्रों में देर रात और सुबह के समय कोहरा छाए रहने व पाला पड़ने से शीतलहर जारी है। लाहौल स्पीति के ताबो में न्यूनतम तापमान मानइस 13 दशमलव 5, कुकुमसेरी में माइनस 12 दशमलव 2 और मनाली में न्यूनतम तापमान माइनस 2 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के उच्च व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

**अमर उजाला** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है **अगले साल तक हिमाचल होगा देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य। हिमाचल दस्तक** के शब्द हैं **धर्मशाला पहुंची सरकार, सांई ग्राउंड से मैक्लोडगंज तक हुआ भव्य स्वागत। दैनिक जागरण ने** लिखा है **ऊना जिले को बनाएंगे सौर ऊर्जा राजधानी।**

मौसम की खबर को **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **मौसम खुलते ही पारा 9 डिग्री सेल्सियस बढ़ा, दुश्वारियां बरकरार, एक हफते बर्फबारी–बारिश संभव।**